**मुख्य समाचार :–**

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उत्तरकाशी जिले में आज भारत–चीन सीमा से सटे हर्षिल और आसपास के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।
- प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज 'नो व्हीकल डे' मनाया गया। ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के दिया गया संदेश।
- देहरादून में दिव्यांगजनों, वृद्धजनों और बेसहारा महिलाओं–बच्चों के लिए जिला प्रशासन ने निःशुल्क ईवी वाहन सेवा शुरू की।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। संबंधित जिलाधिकारियों को तीर्थयात्रा के सुचारू और सुरक्षित संचालन के दिए निर्देश।

**निरीक्षण**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उत्तरकाशी जिले के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन आज भारत–चीन सीमा से सटे हर्षिल और आसपास के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने हर्षिल में स्थापित पोलिंग बूथ का निरीक्षण कर विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बीएलओ मिंटू देवी से मतदाता सूची पुनरीक्षण, मैपिंग और स्मार्ट फोन के माध्यम से किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। श्री कुमार ने सीमांत क्षेत्र में बीएलओ मिंटू देवी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सीमांत क्षेत्रों में इस प्रकार की सक्रियता और समर्पण चुनाव प्रक्रिया को और मजबूत बनाता है। निरीक्षण के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त गंगोत्री धाम पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा–अर्चना की और अधिकारियों के साथ एसआईआर कार्यों की समीक्षा बैठक भी की।

**नो व्हीकल डे**

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज 'नो व्हीकल डे' मनाया गया। ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस अभियान में भागीदारी की गई है। एक रिपोर्ट–

**चम्पावत में जिलाधिकारी मनीष कुमार पैदल अपने कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। जिलाधिकारी ने कहा कि सप्ताह में एक दिन निजी वाहनों का सीमित उपयोग करने से ईंधन की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। पिथौरागढ़ में भी जिलाधिकारी आशीष भटगांई अपने कैंप कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक पैदल पहुंचे। अपर जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पैदल चलकर अभियान का समर्थन किया। वहीं बागेश्वर में भी 'नो व्हीकल डे' सफलतापूर्वक मनाया गया। नगर क्षेत्र में निजी वाहनों और टैक्सियों की आवाजाही सीमित रही और लोग पैदल चलते नजर आए।**
**आकाशवाणी देहरादून के लिए समाचार कक्ष से रविन्द्र सिंह**

**निःशुल्क ईवी वाहन सेवा**

देहरादून में दिव्यांगजनों, वृद्धजनों तथा बेसहारा महिलाओं और बच्चों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने निःशुल्क ईवी वाहन सेवा शुरू की है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने आज जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र और केदारपुरम स्थित राजकीय नारी निकेतन के लिए अलग–अलग ईवी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि दिव्यांग और वृद्धजनों को आवश्यक सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अब निःशुल्क ईवी वाहन सेवा शुरू होने से दिव्यांग और वृद्धजनों को अस्पतालों और अन्य संस्थानों तक आने–जाने में सुविधा मिलेगी। केदारपुरम स्थित नारी निकेतन, बालिका निकेतन, बाल गृह और शिशु सदन में रह रही महिलाओं और बच्चों को भी इस सेवा का लाभ मिलेगा। प्रशासन के अनुसार इससे जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित और सम्मानजनक परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

**मेरा सपना–मेरा लक्ष्य**

पिथौरागढ़ में सीमांत क्षेत्र की बेटियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से "मेरा सपना–मेरा लक्ष्य" कार्यक्रम का पांचवां संस्करण आयोजित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कनालीछीना की 25 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के तहत छात्राओं को विभिन्न शासकीय कार्यालयों का शैक्षिक भ्रमण कराया गया और महिला प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संवाद का अवसर भी मिला। इस दौरान छात्राओं ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली को करीब से समझा और करियर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने छात्राओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर मेहनत को सफलता की कुंजी बताते हुए बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

**समीक्षा**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आज देहरादून के आईटी पार्क स्थित आपदा नियंत्रण कक्ष पहुंचकर चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित जिलाधिकारियों को यात्रा को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

**मुख्य सचिव ने कहा कि चारों धामों में श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन हो और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन, बीकेटीसी और अन्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने पर आवश्यकता अनुसार रात्रिकालीन दर्शन व्यवस्था भी संचालित की जा सकती है। श्री बर्द्धन ने यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ावों पर होल्डिंग एरिया सक्रिय करने और वहां सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी मानसून सीजन को देखते हुए सभी जिलों में पहले से तैयारी सुनिश्चित की जाए। भारी बारिश और भूस्खलन की स्थिति को ध्यान में रखते हुए निकासी योजना तैयार रखने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही युकाडा को भी आपातकालीन परिस्थितियों में एयरलिफ्ट की व्यवस्था के लिए तैयार रहने को कहा गया। मुख्य सचिव ने जिलों में राशन और अन्य जरूरी सामग्री का पर्याप्त भंडारण रखने के निर्देश भी दिए।**

**आकाशवाणी देहरादून के लिए समाचार कक्ष से रविन्द्र सिंह**

**हेमकुंड साहिब**

सिखों के प्रसिद्ध तीर्थस्थल हेमकुंड साहिब की यात्रा का आज विधि–विधान के साथ शुभारंभ हो गया। सबद कीर्तन और अरदास के बाद दोपहर साढ़े बारह बजे हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाट खुलने के अवसर पर लगभग सात हजार श्रद्धालु हेमकुंड साहिब पहुंचे।

इससे पहले कल पंज प्यारों की अगुवाई में श्रद्धालुओं का जत्था गोविंदघाट से निशान साहिब के साथ हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुआ था। गोविंदघाट गुरुद्वारे में गुरुवाणी पाठ के बाद जत्था घांघरिया पहुंचा, जहां रात्रि प्रवास किया गया। इसके बाद आज सुबह श्रद्धालु हेमकुंड साहिब पहुंचे।

सुबह नौ बजे गुरुग्रंथ साहिब को पंज प्यारों की अगुवाई में सचखंड से दरबार साहिब में सुशोभित किया गया। इसके बाद सुखमणी पाठ और सबद कीर्तन हुआ। दोपहर साढ़े बारह बजे कपाट खोले गए और पहली अरदास के साथ इस वर्ष की यात्रा का विधिवत शुभारंभ हुआ।

**नशे के विरूद्ध जागरूकता**

पौड़ी गढ़वाल में जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित ऐनकार्ड समिति की बैठक में ज़िले में नशे की रोकथाम, तंबाकू नियंत्रण और जनजागरूकता अभियानों की समीक्षा की गई। बैठक में नशीले पदार्थों के खिलाफ चल रही प्रवर्तन कार्रवाई, नशामुक्ति केंद्रों की व्यवस्थाओं और युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि नशे के विरुद्ध अभियान को केवल औपचारिक कार्रवाई तक सीमित न रखकर सामाजिक अभियान के रूप में चलाया जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों, शैक्षणिक संस्थानों और बाजार क्षेत्रों में तंबाकू उत्पादों की बिक्री और उपयोग पर नियमित निगरानी रखने को कहा।

बैठक में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों और कार्रवाई की समीक्षा भी की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नशे से जुड़े मामलों को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जाए और दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।
बैठक में मेडिकल स्टोरों की निगरानी और बिना चिकित्सकीय परामर्श के प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री रोकने पर भी जोर दिया गया।

**ऑपरेशन फेक पिल**

विशेष कार्य बल– एसटीएफ ने नकली दवाइयों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन 'फेक पिल' के तहत कोटद्वार में बड़ी कार्रवाई की है। अभियान के तहत सिडकुल सिगड्डी क्षेत्र में संचालित एक अवैध फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। एसटीएफ के अनुसार मैसर्स नैक्टर हर्ब्स एंड ड्रग्स नामक प्रतिष्ठान में छापेमारी के दौरान पाया गया कि फैक्ट्री का औषधि निर्माण लाइसेंस वर्ष 2024 में निरस्त किया जा चुका था, इसके बावजूद वहां दवा निर्माण से संबंधित मशीनें संचालित की जा रही थीं।

कार्रवाई के दौरान करीब तीन किलोग्राम कम्प्रेस्ड टैबलेट और टैबलेट निर्माण में इस्तेमाल होने वाले 34 पंच उपकरण बरामद किए गए। प्रथम दृष्टया मामला औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के उल्लंघन से जुड़ा पाया गया है, जिसके बाद फैक्ट्री को सील कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एसटीएफ ने बताया कि इस फैक्ट्री पर पहले भी नकली दवाइयां बनाने के आरोप लग चुके हैं।